राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511

वर्ष 07 | अंक 27 | मुंबई : बुधवार 13 मई 2026 से 19 मई 2026 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

## नितिन गडकरी बस से करेंगे सफर, प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर केंद्रीय मंत्री का बड़ा फैसला,





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन की खपत कम की अपील पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा फैसला लिया। उन्होंने ईंधन बचाने के लिए अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करने और खुद बस से सफर करने का फैसला किया है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पुणे पुलिस कमिश्नर, डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और दूसरे सीनियर अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग का निरीक्षण बस से करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस बार काफिले में गाड़ियों की संख्या 50 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है।

### गडकरी बस से करेंगे संत ज्ञानेश्वर महाराज मार्ग प्रोजेक्ट का निरीक्षण

नितिन गडकरी ने पत्र के जरिए कहा कि मेरा कार्यक्रम 14-15 मई को पुणे में संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग परियोजनाओं का निरीक्षण करने का है। पीएम मोदी की सलाह के अनुसार, राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के हित में परिवहन उद्देश्यों के लिए ईंधन की खपत को कम करना आवश्यक है, इसलिए मैंने अपने साथ आए अधिकारियों, पत्रकारों और सुरक्षा कर्मियों के साथ बस से यात्रा करने का निर्णय लिया है। इससे बेहतर यातायात प्रबंधन और जनता की सुविधा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा कि अनुरोध है कि दौरे के दौरान काफिले में वाहनों की संख्या को सामान्य तैनाती के 50 प्रतिशत तक कम कर दिया जाए। साथ ही उचित व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली की शुरूआत के साथ भारत विश्व स्तरीय राजमार्ग अवसंरचना की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसका उद्देश्य पूरे देश में सुगम यात्रा सुनिश्चित करना, प्रदूषण कम करना और लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करना है।

### अब काफिले की 50% गाड़ियां कम

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शहरी विस्तार सड़क-2 (यूईआर- 2) पर मुंडका-बक्करवाला में देश के पहले बैरियर-रहित टोल प्लाजा का उद्घाटन किया। एमएलएफएफ प्रणाली एक संपर्क रहित और बैरियर-मुक्त टोल संग्रह तंत्र प्रस्तुत करती है, जो वाहनों को बिना रुके टोल प्लाजा से गुजरने की अनुमति देती है।

## महिला ड्रग तस्कर गिरफ्तार, एमडी और हेरोइन बरामद

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एपीएमसी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से मेफेड्रॉन (एमडी) और हेरोइन समेत कुल 3 लाख 10 हजार 800 रुपये का मुद्देमाल बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले में एक अन्य महिला आरोपी फरार बताई जा रही है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार की गई महिला की पहचान सुरेखा गोपाल लांडे (36) के रूप में हुई है, जो कोपरीगांव सेक्टर-26 स्थित एकता नगर झोपड़पट्टी के पुणीत कॉर्नर इलाके में रहती है। वहीं, इस मामले में रमीजा शानसुद्दीन शेख उर्फ 'बोंदा' नामक महिला फरार है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुंबई: पानी के विवाद में सोसाइटी के वॉचमैन पर जानलेवा हमला, दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**माहिम :** मुंबई के माहिम इलाके में स्थित 'ओम साईनाथ सोसाइटी' में पानी की आपूर्ति के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सोसाइटी में वॉचमैन का काम करने वाले तेज बहादुर साहू (56) पर सोसाइटी के ही दो निवासियों द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 9 मई 2026 की रात करीब 11:00 बजे की है। शिकायतकर्ता तेज बहादुर, जो पिछले 11 वर्षों से इस सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड और सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, ने पुलिस को बताया कि वे अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी संजय बोबडे और उनके बेटे तनिष्क संजय बोबडे ने पानी की मोटर चलाने और गेट बंद करने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने पहले वॉचमैन के साथ भद्दी गालियां और बदतमीजी की। जब विवाद बढ़ा, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी के डंडे से उन पर प्रहार किया। इस हमले में तेज बहादुर के दाहिने हाथ की कलाई और कोहनी में गंभीर चोटें आई हैं। गंभीर



हालत में घायल वॉचमैन को तुरंत भाभा अस्पताल, बांद्रा ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

### पुलिस की कार्रवाई

माहिम पुलिस ने तेज बहादुर के बयान के आधार पर 10 मई 2026 को औपचारिक रूप से मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नए कानूनों के तहत निम्नलिखित धाराओं में केस दर्ज किया है:

BNS धारा 118(1): खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुँचाना।

BNS धारा 352: शांति भंग करने के इरादे से अपमानित करना।

BNS धारा 115: स्वेच्छा से चोट पहुँचाना।

BNS धारा 3(5): समान मंशा के साथ किया गया कार्य। फिलहाल पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## बायकुला फायरिंग केस में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता, कथित डी-कंपनी सहयोगी के बेटे पर हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के बायकुला-मझगांव इलाके में कथित डी-कंपनी सहयोगी के बेटे पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई देर रात महिम दरगाह इलाके में विशेष ऑपरेशन चलाकर की गई। पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान समीर मोहम्मद आसिफ खान उर्फ समीर शेख के रूप में हुई है, जो कथित डी-कंपनी सहयोगी आसिफ शेख उर्फ आसिफ दादी का बेटा बताया जा रहा है। घटना मंगलवार शाम करीब 5:45 से 6:15 बजे के बीच डॉकयार्ड रोड स्थित मीनाक्षी अपार्टमेंट के पास हुई, जब बाइक सवार हमलावरों ने समीर पर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना के बाद बायकुला पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (BNS), Arms Act ASX Mhrshtr Police Act की संबंधित धाराओं के तहत



एफआईआर दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी की पहचान की। दोनों संदिग्धों को महिम दरगाह इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार, बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस कई एंगल से मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जांच में व्यक्तिगत दुश्मनी, गैंग राइवलरी और आर्थिक विवाद जैसे कारणों की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि समीर शेख के पारिवारिक बैकग्राउंड को देखते हुए अंडरवर्ल्ड कनेक्शन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

जानकारी के मुताबिक, समीर के पिता आसिफ दादी पर पहले भी अंडरवर्ल्ड से जुड़े होने के आरोप लग चुके हैं और वर्ष 2008 में उन पर भी फायरिंग हुई थी। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ताजा हमला डराने के उद्देश्य से किया गया था या इसके पीछे कोई बड़ा गैंग नेटवर्क सक्रिय है। मुंबई पुलिस कमिश्नर ऄ५ील्ल इँ१३ के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड और फॉरेंसिक सबूतों की मदद से पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# मुंबई : शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया संकट के बीच ऑल पार्टी मीटिंग बुलाने और एक्सपर्ट्स से सलाह लेने की अपील की

**मुंबई :** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार ) सुप्रीमो शरद पवार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाने और भारत पर वेस्ट एशिया संकट के असर को लेकर चिंताओं के बीच इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स के साथ सलाह-मशविरा करने की अपील की। एक पोस्ट में, पवार ने आरोप लगाया कि वेस्ट एशिया में संघर्ष के बैकग्राउंड में प्रधानमंत्री की हालिया घोषणाओं के दूरगामी इकोनॉमिक नतीजे हो सकते हैं और इससे नागरिकों, बिजनेस और इन्वेस्टर्स में बेचैनी पैदा हुई है।

पवार ने कहा, ''मिडिल ईस्ट में अस्थिर और युद्ध जैसे हालात के बैकग्राउंड में, दो दिन पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ घोषणाएं कीं। इनका देश की इकोनॉमी पर दूरगामी असर पड़ने की संभावना है। इन घोषणाओं के अचानक होने से आम नागरिकों, इंडस्ट्री-बिजनेस सेक्टर के साथ-साथ इन्वेस्टर्स में भी बेचैनी का माहौल बन गया है। यह स्थिति निश्चित रूप से चिंता की बात है।'' राकांपा चीफ ने प्रधानमंत्री मोदी से पार्टी लाइन से अलग नेताओं से सलाह करने और उन्हें भरोसे में लेने के लिए कहा। पवार ने कहा,



''इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, प्रधानमंत्री को अपनी अध्यक्षता में एक ऑल-पार्टी मीटिंग बुलानी चाहिए। देश के हित के मामलों पर फैसला लेने की प्रक्रिया में सभी पार्टियों के नेताओं को शामिल करना देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है।'' उन्होंने आगे कहा कि केंद्र को स्थिति का पूरी तरह से आकलन करने के लिए तुरंत अर्थशास्त्रियों से भी सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार को ज्यादा संवेदनशीलता और बड़े पैमाने पर सलाह-मशविरे को प्राथमिकता देनी चाहिए।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री को स्थिति का पूरी तरह से रिव्यू करने के लिए तुरंत देश के जाने-माने आर्थिक विशेषज्ञों, इंडस्ट्री सेक्टर के प्रतिनिधियों और संबंधित विशेषज्ञों के साथ एक मीटिंग बुलानी चाहिए। भविष्य की नीतियों पर पूरी चर्चा होनी चाहिए।'' सीनियर नेता ने आगे कहा, ''मौजूदा हालात में देश के लोगों के बीच भरोसा और स्थिरता बनाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।'' उनकी यह बात प्रधानमंत्री की रविवार को सिकंदराबाद में की गई अपील के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लोगों से घर से काम करने को प्राथमिकता देने, फ्यूल की खपत कम करने, एक साल तक विदेश यात्रा से बचने, स्वदेशी प्रोडक्ट अपनाने, खाना पकाने के तेल का इस्तेमाल कम करने, नेचुरल खेती अपनाने और सोने की खरीद पर रोक लगाने की अपील की थी।

उन्होंने इंपोर्ट पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि हर घर को खाने के तेल की खपत कम करनी चाहिए और फॉरेन करेंसी बचाने और पर्यावरण की रक्षा करने में मदद के लिए नेचुरल खेती की ओर बढ़ना चाहिए।

# नई मुंबई : फर्जी नंबर प्लेट रैकेट का भंडाफोड़, ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक पर केस दर्ज

**नई मुंबई :** सानपाड़ा पुलिस ने एक ऐसे संगठित रैकेट का पदार्फाश किया है, जिसमें सरकारी राजस्व से बचने और ट्रैफिक नियमों से बचने के लिए नकली नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस मामले में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक और कुछ ड्राइवरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब एक वाहन मालिक को उसके वाहन पर ट्रैफिक चालान का मैसेज मिला, जबकि उसकी गाड़ी उस समय सड़क पर मौजूद ही नहीं थी। इस घटना ने पूरे सिस्टम में हड़कंप मचा दिया और मामले की जांच शुरू की गई।



शिकायतकर्ता शौकत अली अंसारी, जो मुंबई में डेकोरेशन का काम करते हैं, ने फरवरी में एक नई बोलेरो पिकअप वाहन खरीदी थी। यह वाहन अप्रैल तक बॉडी-बिल्डिंग के काम के लिए एक गैरेज में खड़ी थी और इसे सड़क पर उतारा भी नहीं गया था। इसके बावजूद अंसारी को 2,000 रुपये के ट्रैफिक फाइन का मैसेज प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें शक हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंसारी ने जांच शुरू की। 5 मई की रात उनके ड्राइवर ने जुईनगर इलाके में एक अन्य गाड़ी देखी, जिस पर बिल्कुल उनकी गाड़ी जैसा ही नंबर प्लेट लगा हुआ था। यह देखकर वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक और ड्राइवरों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। कुल मिलाकर, इस मामले ने एक बार फिर फर्जी नंबर प्लेट और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में हो रही अनियमितताओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को उजागर करने में जुटी हुई है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की बड़ी कार्रवाई!

## 5.70 करोड़ के हीरे स्मगलिंग मामले में दो गिरफ्तार

**मुंबई :** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर बैंकॉक में करोड़ों रुपये के हीरे तस्करी करने की कोशिश का आरोप है। अधिकारियों के अनुसार, बरामद हीरों की अनुमानित कीमत करीब 5.70 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई से अंतरराष्ट्रीय स्मगलिंग नेटवर्क पर एक बार फिर सख्ती दिखाई गई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान तमिलनाडु निवासी इम्तियास मोहम्मद मारसुक (28) और साइबू अलीखान शेख (31) के रूप में हुई है। दोनों सोमवार को मुंबई से बैंकॉक जाने वाली उड़ान में सवार



होने की तैयारी में थे।

सूत्रों के अनुसार, डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस को पहले से ही खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ यात्री बड़ी मात्रा में हीरे भारत से बैंकॉक स्मगल करने की कोशिश कर सकते हैं। इसी सूचना के आधार पर एजेंसी ने एयरपोर्ट पर निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध यात्रियों की पहचान की। जांच के दौरान दोनों यात्रियों को डिपार्चर गेट के पास रोका गया और उनके सामान की गहन तलाशी ली गई। इसी दौरान उनके पास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में हीरे बरामद किए गए, जिन्हें छिपाकर विदेश ले जाने की कोशिश की जा रही थी। इसके बाद दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

# अजित पवार प्लेन हादसे के महीनों बाद बारामती में ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश, कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र के बारामती में बुधवार को रेड बर्ड एविएशन कंपनी का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। डिप्टी उट अजित पवार की प्लेन क्रैश में मौत के कुछ महीने बाद, इस इलाके में एविएशन को लेकर एक और डर पैदा हो गया। खबर है कि एयरक्राफ्ट एक ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान गोजुबाबी गांव के इलाके में क्रैश हुआ। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेनी पायलट सुरक्षित बच गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी क्रैश साइट पर पहुंचे। हादसे की सही वजह अभी साफ नहीं है और अब जांच चल रही है।

पुणे रूरल पुलिस के रढ संदीप सिंह गिल ने कहा, ''सुबह करीब 8:50 अट बजे, रेड बर्ड एविएशन का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट बारामती एयरपोर्ट के पास गोजुबावी गांव के पास क्रैश लैंडिंग कर गया। मौके पर मौजूद चश्मदीदों से मिली शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कम ऊंचाई पर उड़ते समय एयरक्राफ्ट में टेक्निकल खराबी आ गई। क्रैश लैंडिंग के दौरान, एयरक्राफ्ट का एक हिस्सा लाइट के खंभे से टकरा गया और फिर एयरक्राफ्ट जमीन पर गिर गया। एयरक्राफ्ट में सिर्फ.एक ट्रेनी पायलट सवार था। खुशकिस्मती से, पायलट को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने पर, पुलिस वाले तुरंत मौके पर पहुंचे, और जरूरी जांच और आगे की कार्रवाई चल रही है। आगे की जानकारी मिलने पर शेयर की जाएगी।''

# नाले सफाई में गड़बड़ी करने वालों को भेजेंगे जेल

**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका की नाले सफाई के कार्यों में सुस्ती और लापरवाही को लेकर मंगलवार को स्थायी समिति की बैठक में प्रशासन को जमकर घेरा गया। इस दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे ने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि नालेसफाई के काम में जो भी गड़बड़ी करेगा उसे सीधे जेल भेजा जाएगा।



स्थाई समिति बैठक में मनपा प्रशासन ने नालेसफाई कार्यों की रिपोर्ट पेश करते हुए दावा किया कि विभिन्न परिमंडलों में 70 से 75 प्रतिशत तक सफाई का काम पूरा हो चुका है। हालांकि इस दावे पर समिति के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई। सभागृह नेता गणेश खणकर ने कहा कि शहर के कई इलाकों में अब तक नालेसफाई का काम शुरू ही नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि नालों के किनारे अवैध झोपड़ियां बनने से सफाई कार्य में बाधा आ रही है, जबकि नालों में खुलेआम मलबा डाला जा रहा है और संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे। सभागृह नेता गणेश खनकर ने कहा कि नालों के किनारे बड़े पैमाने पर मलबा डाला जा रहा है और झोपड़ियां बनाई जा रही हैं। यही झोपड़ियां नालों में कचरा फेंक कर जल निकासी व्यवस्था को बाधित कर रही हैं। उन्होंने मांग की कि सैटेलाइट इमेज के जरिए जांच की जाए कि नालों के किनारे झोपड़ियां कब और कैसे बनीं। उन्होंने कहा कि जमीन राज्य सरकार, म्हाडा या किसी अन्य विभाग की हो, लेकिन अवैध निमार्णों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी बीएमसी की है। दहिसर और गोवंडी क्षेत्र के नाला सफाई कार्यों को लेकर हरकती का मुद्दा उठाते हुए कई सदस्यों ने प्रशासन पर सवाल खड़े किए। शिवसेना के यशोधर फणसे ने आरोप लगाया कि पश्चिम उपनगरों में बीजेपी के दौरे वाले दिन ही नाला सफाई शुरू की गई।

# पुणे : बिजली के खंभे से टकराकर गिरा प्लेन... पुणे ग्रामीण SP संदीप सिंह गिल ने बताया कैसे हुआ बारामती विमान हादसा !

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती MIDC इलाके के गोजुबावी गांव में आज सुबह रेड बर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी का एक ट्रेनिंग विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में विमान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन सुखद बात यह है कि विमान उड़ा रहे ट्रेनी पायलट को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। यह हादसा उसी गांव में हुआ है जहां जनवरी माह में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार को प्लेन क्रैश हुआ था। एक विमान पायलट ट्रेनिंग कंपनी रेड बर्ड का था। हादसे में ट्रेनी पायलट को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। बारामती तालुका पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



**कैसे हुआ बारामती विमान हादसा ?**

पुणे ग्रामीण पुलिस के SP संदीप सिंह गिल ने विमान हादसे पर जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह करीब 8:50 बजे रेड बर्ड एविएशन का एक ट्रेनिंग विमान बारामती हवाई अड्डे के पास गोजुबावी गांव में क्रैश लैंड हो गया। मौके पर मौजूद चश्मदीदों से मिली शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कम ऊंचाई पर उड़ते समय विमान में कोई तकनीकी खराबी आ गई थी। क्रैश लैंडिंग के दौरान विमान का एक हिस्सा बिजली के खंभे से टकरा गया और उसके बाद विमान जमीन पर जा गिरा। SP संदीप सिंह गिल ने बताया कि विमान में केवल एक ट्रेनी पायलट सवार था। गनीमत रही कि पायलट को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और अब जरूरी जांच-पड़ताल के साथ-साथ आगे की कार्रवाई भी की जा रही है। जैसे ही कोई और जानकारी मिलेगी उसे साझा किया जाएगा।

**जिस जगह अजित पवार का प्लेन क्रैश हुआ वहीं हुआ हादसा**

यह हादसा ठीक उसी गोजुबावी इलाके में हुआ है जहां इसी साल 28 जनवरी को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का प्लेन क्रैश हुआ था। इस हादसे में अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हो गई थी। आज उसी क्षेत्र में यह दूसरी हादसा होने के कारण अब यहां की भौगोलिक परिस्थितियों या संभावित तकनीकी कारणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# मुंबई : 24 साल की छात्रा ने मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर कर ली आत्महत्या !




**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां फैशन डिजाइन की पढ़ाई कर रही 24 साल की छात्रा स्वप्नाली घेवारी ने मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले उसने अपने पिता को वीडियो कॉल भी किया था. स्वप्नाली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी में पढ़ाई कर रही थी और पिछले चार महीनों से वरली इलाके में अपनी दो सहेलियों के साथ किराये के फ्लैट में रह रही थी. पुलिस के मुताबिक, परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था और पिता की शराब की लत के कारण घर का माहौल तनावपूर्ण रहता था.

जानकारी के मुताबिक, स्वप्नाली की मां कुछ दिनों के लिए उसके पास रहने आई थीं. दो दिन बाद में जब वह रिश्तेदार के घर चली गईं, तो पिता सुनील घेवारी ने लगातार बेटी को फोन कर मां के बारे में पूछताछ शुरू कर दी. पीड़िता ने अपनी मां को फोन कर बताया था कि पिता बार-बार परेशान कर रहे हैं. मां ने उसे फोन बंद करने की सलाह दी थी. आरोप है कि शराब के नशे में पिता से हो रहे लगातार मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर उसने यह कठोर कदम उठाया. बताया जा रहा है कि रात 8 बजे के आसपास स्वप्नाली ने अपनी मां को फोन करके कहा कि मेरी अब परीक्षा है, इसलिए मुझे कॉल न करें. करीब 9 बजे के आसपास स्वाति को उनके भाई सुबोध चिखले ने बताया कि स्वप्नाली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है.

# मेट्रो लाइन 9 : एक महीने में दस लाख यात्रियों ने किया सफर...

**भायंदर :** दहिसर-मीरा भायंदर शहर के लिए शुरू की गई मेट्रो सर्विस में पहले महीने में ही दस लाख यात्रियों ने सफर किया है। इसलिए, यह दावा किया जा रहा है कि यह मेट्रो सर्विस सफल रही है। मीरा भायंदर शहर से मुंबई की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा है। लेकिन, रेलवे में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक जाम को देखते हुए, मुंबई मेट्रो को मीरा भायंदर से जोड़कर यात्रियों के लिए एक नया सफर का ऑप्शन दिया गया है। इसके लिए दहिसर-मीरा भायंदर मेट्रो लाइन 9 बनाई गई है। इसके पहले फेज, दहिसर से काशीगांव तक, का उद्घाटन और सेवा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 7 अप्रैल को किया था। इस सर्विस को शुरू होने के बाद से ही यात्रियों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। MMRDA बताया है कि पिछले महीने इस मेट्रो सर्विस में दस लाख से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है।



ने सोमवार से शुक्रवार के बीच रोजाना करीब 35 हजार यात्री सफर कर रहे हैं, जबकि शनिवार और रविवार को यह आंकड़ा 33 हजार के करीब बताया जा रहा है। कुल मिलाकर, इस मेट्रो सर्विस से कर्मचारियों को बहुत फायदा हुआ है और दावा किया जा रहा है कि भविष्य में मीरा भयंदर तक मेट्रो सर्विस पूरी होने के बाद रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 50 हजार तक हो जाएगी। दावा किया जा रहा है कि दहिसर-मीरा भयंदर मेट्रो सर्विस शुरू होने से हाईवे पर गाड़ियों की संख्या लगभग 30 प्रतिशत कम हो गई है।

# मुंबई : दुबई से मुंबई पहुंचे यात्रियों से 2.277 किलो सोना बरामद...



## सिगरेट पैकेट में छिपाया था गोल्ड पेस्ट

**मुंबई :** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये का सोना जब्त किया है। मुंबई एयरपोर्ट कमिश्नरेट, कस्टम जोन-क्क्क के अधिकारियों ने 9 और 10 मई 2026 के बीच की गई कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग मामलों में कुल 2.277 किलोग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस जब्त किए गए सोने की कीमत 3.15 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

यह सोना दुबई से आने वाले दो यात्रियों के पास से मिला है, जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सिगरेट के पैकेट में सोने का पेस्ट, जांच शुरू...**

पकड़े गए यात्रियों में से एक ने तस्करी के लिए बेहद चौंकाने वाला तर्क दिया। पहले मामले में आरोपी यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे वर्तमान संघर्ष के कारण अपनी संपति को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश की थी। यात्री ने दावा किया कि अस्थिर राजनीतिक माहौल की वजह से वह अवैध रूप से इस कीमती धातु को स्थानांतरित करने का प्रयास कर रहा था। हालांकि, सीमा शुल्क अधिकारियों ने इस दलील को खारिज करते हुए उसे कानून के उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लेलिया।

**पेस्ट के रूप में सिगरेट के डिब्बे में छिपाया सोना**

तस्करी के दूसरे मामले में यात्री ने सोने को पेस्ट के रूप में बदल कर सिगरेट के एक पैकेट के अंदर छिपाया हुआ था ताकि सुरक्षा जांच के दौरान किसी को शक न हो। लेकिन अधिकारियों की मुस्तैदी और गहन तलाशी के दौरान यह चालाकी धरी की धरी रह गई। अधिकारियों ने दोनों मामलों में बरामद सोने को जब्त कर लिया है और आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# इन सवालों के घेरे में प्रतीक यादव की मौत! अखिलेश यादव के इस बयान से मिले संकेत, सपा ने भी उठाए सवाल ?

**मुंबई :** मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की अचानक हुई मौत को लेकर अब तक कई तरह के सवाल उठने लगे हैं. समाजवादी पार्टी ने प्रतीक यादव की मौत को लेकर सवाल उठाए हैं और इस पूरे मामले की जांच की मांग की है. सपा प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति इतनी फिटनेस फ्रीक था उसका अचानक निधन कैसे हो सकता है. उन्होंने सरकार से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की.



इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने भी एक बड़ा बयान दिया, जो चर्चा का विषय बन गया है. अखिलेश यादव का कहना है कि प्रतीक यादव आर्थिक संकट और बिजनेस में नुकसान के चलते दुखी थे. वह बचपन से ही अपनी सेहत का बहुत ख्याल रखते थे. ऐसे में उनकी असामयिक मौत हैरान करने वाली है.

वहीं, सपा प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने कहा, ''हमें अभी-अभी सूचना मिली है और दिवंगत आत्मा का श्रद्धांजलि, समाजवादी पार्टी की तरह से ये बात बहुत संदेहास्पद है कि जो व्यक्ति बहुत फिटनेस फ्रीक है.. जो अपने स्वास्थ्य का इतना ध्यान रखता है, जिसने स्वास्थ्य की देश विदेशों में चर्चा है. अचानक उसकी मौत कैसे हो जाती है. हम सरकार से चाहते हैं कि इसकी उच्चस्तरीय जाँच हो और मौत की सही वजहों का पता लगाया जाए.''

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### आर्थिक आपातकाल के आसार...

**क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? क्या प्रधानमंत्री मोदी की अपील देश के आम आदमी के लिए ही है? नेताओं की जमात के लिए 'बचत' अपरिहार्य क्यों नहीं है? हमने प्रधानमंत्री की अपील और हिदायतों का विश्लेषण किया था। उसका दूसरा पक्ष यह है कि देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। वैसे भी भारत अब विश्व की चौथी नहीं, छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें और भी गिरावट के आसार हैं। यह मूल्यांकन आसन्न आर्थिक संकट का पहला संकेत है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के 'दान' के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरूआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं।**

**डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 'रुपए' में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय 'रुपया' दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़ कर आंका जा रहा है। दरअसल हमारा बुनियादी सवाल सरकारी व्यवस्था और नेताओं की जमात से है। देश में प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और आम अति विशिष्ट चेहरे भी लंबे-चौड़े काफिलों के साथ चलते हैं। यदि वाकई संकट के हालात हैं, तो मुख्यमंत्री और मंत्री सरकारी हेलीकॉप्टर पर सवार क्यों रहते हैं? क्या हवाई उड़ानें 'पानी' से चलती हैं? हमारे जन-प्रतिनिधि रेलगाड़ी के विशेष कक्ष में सफर क्यों नहीं कर सकते? यदि सार्वजनिक परिवहन नेताओं के लिए 'असुरक्षित' हैं, तो रेलवे में असंख्य यात्रियों की सुरक्षा दांव पर क्यों लगा रखी है?**

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# फर्जी आधार कार्ड से होटल में रुका पति!
# फिर पत्नी के नाम पर दूसरी महिला संग ठहरा



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई के एक मशहूर होटल में फर्जी आधार कार्ड के जरिए ठहरने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसने उसके नाम और पहचान का गलत इस्तेमाल करते हुए दूसरी महिला के साथ होटल में ठहराव किया. इस मामले में बांद्रा पुलिस स्टेशन ने केस दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस जांच में सामने आया कि होटल में इस्तेमाल किया गया आधार कार्ड पूरी तरह फर्जी था. कार्ड पर नाम और फोटो शिकायतकर्ता महिला की थी, लेकिन दस्तावेज नकली बनाया गया था. मामले में पति दीपक गोयल और एक अज्ञात महिला के खिलाफ 'भारतीय न्याय संहिता' की धारा 318, 319(2), 336(2), 336(3), 336(4), 340(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

**तलाक के बीच सामने आया मामला**

एफआईआर के मुताबिक, महिला की शादी दीपक गोयल से साल 2013 में हुई थी. पिछले कुछ समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा है और फिलहाल सूरत की अदालत में आपसी सहमति से तलाक का मामला लंबित है. महिला ने बताया कि तलाक का यह मामला 20 फरवरी 2026 से अदालत में लंबित है. 14 अप्रैल 2026 को वह निजी काम से मुंबई आई थी, तभी उसके वकील ने फोन आया. फोन पर वकील ने उससे पूछा कि क्या आपका पति से समझौता हो गया है. महिला के इनकार करने पर वकील ने बताया कि उसके पति को एक दूसरी महिला के साथ होटल में देखा गया है. इसके बाद महिला ने होटल कर्मचारियों से संपर्क किया, जहां उसे पता चला कि 16 से 18 फरवरी 2026 के बीच दीपक गोयल और ''पल्लवी गोयल'' के नाम से होटल में एक सूट बुक किया गया था और उन दोनों ने वहां 'चेक-इन' (प्रवेश) भी किया था. इतना ही नहीं होटल रिकॉर्ड में दूसरी महिला को पति की पत्नी बताया गया था.

**होटल पहुंची महिला तो खुला राज**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन तारीखों को होटल के रिकॉर्ड में उसकी एंट्री दिखाई गई, उस समय महिला अपने मायके में थी. उसके सभी असली पहचान पत्र उसी के पास सुरक्षित थे. सच्चाई जानने के लिए महिला होटल पहुंची और सीसीटीवी फुटेज मांगने लगी, लेकिन होटल प्रबंधन ने सीधे जानकारी देने से इनकार कर दिया.

# मालाड वासियों को मिलेगी नई सड़क
## 48 महीनों में यातायात के लिए खोला जाएगा रास्ता...



**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका ने मालाड पूर्व स्थित मालाड टेकड़ी जलाशय से आप्पा पाडा और लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स को जोड़ने के लिए 18.30 मीटर चौड़ा नई सड़क मार्ग विकसित करने का निर्णय लिया है। इस सड़क के बनने से इलाके के लोगों को नया मार्ग मिलेगा और ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

मुंबई में बढ़ती यातायात समस्या को कम करने के लिए मनपा ने विकास योजना में आरक्षित भूखंडों पर नए सड़क मार्ग बनाने की योजना तैयार की है। इसी क्रम में मालाड क्षेत्र में नए सड़क मार्ग का आराखड़ा तैयार किया गया है। अगले 48 महीनों में इस सड़क को नागरिकों के लिए खोलने का लक्ष्य रखा गया है। प्रस्तावित सड़क संजय गांधी नेशनल पार्क के वन क्षेत्र से होकर गुजरेगी। इससे राष्ट्रीय उद्यान की लगभग 2.74 हेक्टेयर जमीन प्रभावित होगी। साथ ही आप्पा पाडा और राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र की करीब 1,567 झोपड़ियां भी प्रभावित होंगी। इस परियोजना के लिए केंद्रीय वन्यजीव मंडल की मंजूरी जरूरी है। मनपा ने राष्ट्रीय उद्यान की जमीन के उपयोग के लिए वन विभाग से पत्राचार किया था। इसके बाद वन संरक्षक और संचालक संजय गांधी नेशनल पार्क ने वन्यजीव संरक्षण र संवर्धन के लिए 3 करोड़ 60 लाख 80 हजार रुपये शुल्क की मांग की।

**मुंबई में बनेंगी 50 से अधिक नई सड़कें**

बीएमसी आने वाले 10 से 15 वर्षों में मुंबई शहर और उपनगरों में 50 से अधिक नई सड़कें विकसित करने की योजना बना रही है। इन सड़कों के बनने से यात्रा तेज होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। सड़क एवं यातायात विभाग चरणबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को अमल में लाने की तैयारी कर रहा है।

# रबाले पुलिस ने ईरानी गैंग का पदार्फाश किया, चेन-स्नेचिंग के 10 मामलों का खुलासा...



**नई मुंबई :** रबाले पुलिस ने ऐरोली-रबाले क्षेत्र में चेन-स्नेचिंग की कई वारदातों में शामिल एक ईरानी गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में 10 अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए चोरी की गई संपत्ति बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13.35 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया गया। जांच के दौरान कल्याण के अंबिवली इलाके में संदिग्धों की गतिविधियों का पता चला, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

बरामद सामान में 85 ग्राम सोने के गहने और अपराध में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह गैंग लगातार अलग-अलग इलाकों में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन-स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। यह कार्रवाई 19 अप्रैल को रात करीब 10:45 बजे हुई एक घटना के बाद शुरू की गई जांच का परिणाम है। उस दिन रविराज करांडे अपनी पत्न ी और ससुर के साथ ऐरोली स्थित इच्छापूर्ति गणेश मंदिर के पास खड़े थे, तभी चेन-स्नेचिंग की घटना सामने आई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने गंभीरता से मामले की जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें संदिग्धों की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई थीं। इसके साथ ही तकनीकी निगरानी के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस की गई और आखिरकार आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार गैंग शहर और आसपास के इलाकों में लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा था और पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग रूट और वाहनों का इस्तेमाल करता था। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय चेन-स्नेचिंग गिरोह पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अब गैंग के अन्य संभावित सदस्यों और उनके नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# दाऊद इब्राहिम के खास रहे आसिफ दाढ़ी के बेटे समीर पर चली गोली, मुंबई के भायखला इलाके में वारदात के बाद हड़कंप

**मुंबई :** भायखला इलाके में मंगलवार रात को गोली चलने की घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान समीर आसिफ शेख के रूप में हुई है, जिसके पैर में गोली लगी। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भायखला पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। समीर डी- कंपनी से जुड़े आसिफ दाढ़ी का बेटा है।

पुलिस के अनुसार, शाम 6:15 बजे समीर होटल साइबान में प्रवेश कर रहा था, तभी उस पर फायरिंग हुई। घायल समीर को नजदीकी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जोनल डीसीपी कृष्णकांत उपाध्याय ने बताया कि भायखला पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**पैर पर लगी गोली, गैंगवार या सुपारी किलिंग की आशंका**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, समीर पर एक गोली चलाई गई थी, जो उनके पैर में लगी। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि हमलावर कौन थे और गोली चलाने के पीछे क्या कारण था। मामले में निजी रंजिश, गैंगवार और सुपारी किलिंग सहित सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

**डी गैंग के आसिफ दाढ़ी का बेटा है समीर**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना डॉकयार्ड रोड इलाके में शाम करीब 6:15 बजे हुई। घायल व्यक्ति की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, समीर शेख के परिवार का पुराना आपराधिक इतिहास भी जांच के दायरे में है। बताया जा रहा है कि उनके पिता आसिफ दाढ़ी पर भी पहले हमले हो चुके हैं। आसिफ को मुंबई में संगठित अपराध से जुड़े मामलों में जाना जाता रहा है और उस पर जुआ, वसूली और अन्य मामलों के आरोप भी लग चुके हैं।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह हमला पुराने गैंगवार या दुश्मनी का नतीजा है। इसके अलावा दाउद इब्राहिम नेटवर्क से जुड़े संभावित कनेक्शन और पुराने विवादों की भी पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसियां 2008 में हुई एक पुरानी गोलीबारी की घटना को भी खंगाल रही हैं, जिसमें आईपीएल सट्टेबाजी से जुड़े विवाद और गैंग प्रतिद्वंद्विता की बात सामने आई थी। उस समय भी आसिफ दाढ़ी पर हमला हुआ था। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**कौन है आसिफ दाढ़ी और उसका बेटा समीर**

आसिफ दाढ़ी भायखला के भेंडी बाजार इलाके का रहता है, उसके बारे में दावा है कि वह दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील गैंग से जुड़ा है। एक वक्त उसने एक सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी के लिए भी काम किया था।

# अनधिकृत बाईक टैक्सी ऐप पर कार्रवाई के आदेश...कंपनी मालिकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

## परिवहन मंत्री ने साइबर क्राइम विभाग को लिखा पत्र

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में चल रही अनधिकृत बाइक टैक्सी सेवाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने ओला, उबर और रैपिडो जैसी अनधिकृत बाइक टैक्सी ऐप सेवाओं को तत्काल बंद करने और संबंधित कंपनी मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में मंत्री सरनाईक ने महाराष्ट्र साइबर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को आधिकारिक पत्र भेजा है। वहीं परिवहन आयुक्त ने भी साइबर क्राइम विभाग को इसी आशय का पत्र भेजा है। मंत्री सरनाईक ने पत्र में कहा है कि पिछले कुछ महीनों से राज्य में विभिन्न ऐप के माध्यम से बिना किसी वैध अनुमति, सरकारी मंजूरी या परिवहन विभाग के नियमों का पालन किए यात्री परिवहन सेवाएं चलाई जा रही हैं। विशेष रूप से रैपिडो जैसी कंपनियों की



अनधिकृत बाइक टैक्सियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। चालक सत्यापन बीमा सुरक्षा, महिला सुरक्षा उपाय और आपातकालीन सहायता व्यवस्था बेहद कमजोर है, जिससे नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। सरनाईक ने हाल ही में हुए एक हादसे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मुंबई के मुलुंड-गोरेगांव लिंक रोड पर एक अनधिकृत बाइक टैक्सी दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में नवघर पुलिस स्टेशन में एफआईआर भी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई पुलिस थानों में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। परिवहन विभाग ने यह भी कहा कि इन ऐप के जरिए नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए आर्थिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे लाइसेंसधारी ऑटो और टैक्सी चालकों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

# वाशी रेलवे पुलिस ने ट्रेन में लैपटॉप बैग चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा, 5 मामले सुलझे...

**वाशी :** वाशी रेलवे पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिस पर ट्रेन यात्रियों के लैपटॉप बैग और कीमती सामान चोरी करने के आरोप हैं। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने अपने क्षेत्र में दर्ज चोरी के पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान 20 वर्षीय करण राजेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। उसे उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के कनेथू बुजुर्ग गांव से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से चोरी किया गया लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल फोन और नकदी सहित कई सामान बरामद किए गए हैं।



यह मामला तब सामने आया जब 1 अप्रैल को ठाणे से घनसोली जा रहे एक फर्स्ट-क्लास कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने अपने बैग की चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार बैग में नकदी और अन्य कीमती सामान रखा हुआ था, जो यात्रा के दौरान चोरी हो गया। शिकायत मिलने के बाद वाशी रेलवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी जांच और सुरागों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने के लिए विशेष टीमों का गठन किया।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी पहले भी इसी तरह की चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है और ट्रेन यात्रियों को निशाना बनाकर सामान चुराता था। पुलिस ने उसे ट्रैक करते हुए उत्तर प्रदेश में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद वाशी रेलवे पुलिस क्षेत्र में दर्ज पांच अलग-अलग चोरी के मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है। इन मामलों में यात्रियों से लैपटॉप बैग और अन्य कीमती सामान चोरी किया गया था।

रेलवे पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी किसी बड़े गिरोह का हिस्सा है या अकेले ही इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता था। कुल मिलाकर, इस कार्रवाई को रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है, जिससे ट्रेनों में होने वाली चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# मुंबई : जेजे अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर ने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटककर जान दी



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार द्वारा संचालित जेजे अस्पताल के 26 वर्षीय रेजिडेंट डॉक्टर ने मंगलवार को मध्य मुंबई स्थित अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अभयसिंह मोरे के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ महीनों से मानसिक तनाव और अवसाद से पीड़ित थे और उनका इलाज हो रहा था।

उन्होंने बताया कि मूल रूप से मध्य महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के वाशी तालुका के दासेमगांव गांव के रहने वाले यह चिकित्सक रेडियोलॉजी विभाग में कार्यरत थे और फरवरी में इस प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में जांच जारी है।

# मुंबई में ओला, उबर और रैपिडो की बाइक टैक्सी होगी बंद, सरकार ने दिए एफआईआर करने के आदेश...

**मुंबई :** मुंबई में अवैध रूप से चल रही बाइक टैक्सी सेवाओं को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों की अनधिकृत बाइक टैक्सी सेवाओं को तुरंत बंद करने और उनके मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. इस मामले में साइबर क्राइम विभाग से भी कार्रवाई की मांग की गई है. परिवहन विभाग का कहना है कि ये सेवाएं बिना किसी वैध अनुमति, सरकारी मंजूरी और नियमों का पालन




किए बिना चल रही हैं, जो कानून के खिलाफ है. खासकर रैपिडो जैसी कंपनियों के जरिए बाइक टैक्सी सेवाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. सरकार ने साफ कहा है कि इन सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है. न तो ड्राइवरों की सही जांच होती है, न ही पर्याप्त बीमा, महिला सुरक्षा के उपाय और इमरजेंसी सिस्टम मौजूद है. इससे यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है.

**सुरक्षा के लिए रोक लगाना जरूरी**

परिवहन मंत्री ने अपने पत्र में यह भी बताया कि 29 नवंबर 2025 को मुलुंड लिंक रोड पर एक अवैध बाइक टैक्सी से जुड़ा हादसा हुआ था, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी. इस मामले में नवघर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है. इसके अलावा भी कई पुलिस थानों में ऐसे मामले सामने आए हैं. सरकार का कहना है कि बिना नियमों के चल रही इन सेवाओं पर रोक लगाना जरूरी है ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# रेल मंत्री का बड़ा दावा: बुलेट ट्रेन खत्म करेगी छोटे रूटों पर हवाई सफर

## –अश्विनी वैष्णव के बयान ने बढ़ा दी एयरलाइंस के लिए चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि आने वाले वर्षों में, भारत का हाई-स्पीड रेल नेटवर्क कई छोटे घरेलू हवाई मार्गों पर हवाई यात्रा को करीब-करीब समाप्त कर देगा। सीआईआई बिजनेस समिट में रेल मंत्री वैष्णव ने एयरलाइन निवेशकों को आगाह कर संकेत दिया कि मुंबई-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु और बेंगलुरु-चेन्नई जैसे प्रमुख रूटों पर यात्री अब फ्लाइट के बजाय बुलेट ट्रेन को प्राथमिकता देने वाले है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव का तर्क है कि जिस तरह जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में हाई-स्पीड रेल ने घरेलू विमानन बाजार को पूरी तरह बदल दिया है, ठीक उसी तरह भारत में भी एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

केंद्रीय रेल मंत्री के अनुसार, मुंबई से पुणे की दूरी बुलेट ट्रेन से केवल 48 मिनट में तय होगी। इसी तरह, पुणे से हैदराबाद की यात्रा 1 घंटा 55 मिनट में, हैदराबाद से बेंगलुरु की यात्रा 2 घंटे 8 मिनट में और बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा महज 78 मिनट में पूरी होगी। इतनी कम यात्रा अवधि के साथ, लोग हवाई अड्डों पर लंबी सुरक्षा जांच, शहर के ट्रैफिक और उड़ानों में होने वाली देरी जैसी परेशानियों से बचने के लिए बुलेट ट्रेन को कहीं अधिक सुविधाजनक पाएंगे। उन्होंने विश्वास जताकर कहा कि भविष्य में इन रूटों पर 99 प्रतिशत यात्रा रेलवे के माध्यम से ही होगी, जिससे हवाई यात्रा की प्रासंगिकता करीब खत्म हो जाएगी।रेल मंत्री वैष्णव ने इस महत्वाकांक्षी योजना के वित्तीय पहलू पर भी प्रकाश डाला, बताया कि भारत सरकार बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर करीब 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। इस परियोजना का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा भारतीय कंपनियों और सप्लायर्स को मिलेगा, जिससे देश में रोजगार के नए मौके पैदा होने और विनिर्माण क्षेत्र को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

# मंत्री-नेताओं के काफिले पर पाबंदी, बड़ी चुनावी रैलियां एक साल के लिए बंद हों

## –पीएम मोदी की अपील पर विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर, कर दी तीन मांगें

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दुनियाभर में जारी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में पीएम मोदी ने देशवासियों से सामूहिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ईंधन का संयमित उपयोग किया जाए, साथ ही अगले एक साल तक सोने की खरीद न की जाए। पीएम मोदी की इस अपील पर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) गुट की पूर्व राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी पीएम मोदी का नाम न लेते हुए कहा कि सेंट्रल एशिया में जारी संघर्ष को संभालने में नीतिगत विफलता के चलते चुनाव संबंधी निर्णयों का बोझ अब नागरिकों पर नहीं डाला जा सकता और उनसे तेल बचाने या यात्रा कम करने को नहीं कहा जा सकता। चतुर्वेदी ने कहा कि नागरिक पहले से ही इस सरकार के चुनावी नीतियों पर केंद्रित शासन और पुरस्कार बटोरने वाली विदेश नीतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं। इसके साथ



शिवसेना नेता अपने एक्स से देश वासियों को कुछ सुझाव भी शेयर किए, जिनमें मंत्री और नेताओं के लंबे काफिले पर पाबंदी लगाना, बड़ी चुनावी रैलियां एक साल के लिए बंद करना, बड़े शपथ ग्रहण समारोह पर पाबंदी हो, सिर्फ डब्ल्यूएचएफ यानी वॉच फ्रॉम होम करना शामिल है।

बता दें पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया आर्थिक उथल-पुथल, सप्लाई चेन में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से जूझ रही है, जिसका असर बढ़ती महंगाई के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे समय में भारत को मजबूत बनाए रखने के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी दैनिक आदतों में बदलाव लाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दें। उन्होंने लोगों से एक साल तक गैर-जरूरी सोने की खरीदारी से बचने का आग्रह किया, ताकि विदेशी मुद्रा के अनावश्यक बहिर्वाह को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने पेट्रोल और डीजल के संयमित उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि तेल की बचत से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी ने ईंधन की खपत कम करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, वहां मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें। निजी वाहनों के इस्तेमाल में कार-पूलिंग अपनाएं। माल ढुलाई के लिए रेल परिवहन को प्राथमिकता दें और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दें। पीएम मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनाए गए कार्यकुशल उपायों को दोबारा लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वर्क-फ्रॉम-होम, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस और वर्चुअल बैठकों जैसी व्यवस्थाएं न केवल समय और संसाधनों की बचत करती हैं, बल्कि ईंधन की खपत भी कम करती हैं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं, जैसे जूते, बैग और अन्य सामान, के लिए स्थानीय और 'मेड-इन-इंडिया' उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देश में रोजगार बढ़ेगा, बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी कम होगी। पीएम मोदी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को 50 फीसदी तक कम करने और प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की।

# कहीं आंधी-बारिश और ओलावृष्टि तो कहीं हीटवेव की चेतावनी

## उत्तर भारत में फिर करवट ले रहा मौसम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दोपहर के समय बढ़ती तपिश के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आज से 14 मई के बीच उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में बारिश, कड़कती बिजली और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का नया दौर शुरू होगा। पश्चिमी विक्षोभ और अन्य भौगोलिक कारणों से होने वाले इस बदलाव से जहां कुछ राज्यों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं कई हिस्सों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज से 14 मई के दौरान व्यापक स्तर पर बारिश और गरज के साथ बिजली चमकने का अनुमान है। विशेष रूप से सोमवार और मंगलवार को जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में, और 12 व 13 मई को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 11 से 14 मई और उत्तर प्रदेश में 12 से 14 मई के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

एक तरफ जहां उत्तर भारत में बारिश की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर 15 मई तक पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भीषण हीटवेव (लू) चलने की आशंका है। दक्षिण भारत की बात करें तो अगले सात दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। 11 मई को दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की भी संभावना है, जिसका असर तटीय क्षेत्रों के मौसम पर पड़ेगा।पूर्वोत्तर भारत और पूर्वी राज्यों में भी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 15 मई तक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। बिहार, झारखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मैदानी इलाकों में भी गरज-चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

# राहुल गांधी भारतीय राजनीति की सबसे अस्वीकृत वस्तु : फडणवीस का तीखा हमला

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला कर उन्हें भारतीय राजनीति में सबसे अस्वीकृत वस्तु करार दिया। सीएम फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी को सभी राज्यों के मतदाताओं ने बार-बार नकारा है, जबकि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ता से समर्थन करता है। यह आलोचना राहुल गांधी द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलों की आलोचना करने के बाद की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा नकारे गए व्यक्ति हैं, हर राज्य में सभी ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने गांधी को एक ऐसा उत्पाद जो कि जनता ने किनारे कर दिया है। फडणवीस ने जोर दिया कि लोकतंत्र में केवल वही मायने रखता है जिसे जनता स्वीकार करती है, और राहुल गांधी जैसे लगातार नकारे जा रहे व्यक्ति को कोई महत्व नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्हें बार-बार



अपना आशीर्वाद देता है।

ये टिप्पणियाँ प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलों पर राहुल गांधी की आलोचना के बाद आईं, जो पश्चिम एशिया संकट के जवाब में की गई थीं। पीएम मोदी की अपीलों में खाद्य तेल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और प्राकृतिक खेती अपनाने जैसे अनुरोध शामिल थे, जिनका उद्देश्य वैश्विक आर्थिक दबावों से निपटना था। राहुल गांधी ने पोस्ट में इन अपीलों को उपदेश के बजाय विफलता करार दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री को समझौतावादी बताकर अपनी आलोचना तेज की और दावा किया कि देश का शासन अब उनके नियंत्रण में नहीं है।

इस बीच, दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 में फडणवीस ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के अगले युग के लिए महाराष्ट्र की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण पर महाराष्ट्र के विशेष ध्यान पर जोर दिया।

# बंगाल चुनाव हार पर टीएमसी का नया दावा: एसआईआर के कारण गई 31 सीटें

## अदालत ने दिया अलग याचिका का सुझाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद सत्ता से बाहर हुई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट में नतीजों को लेकर एक नया दावा पेश किया है। ममता की पार्टी ने सोमवार को एसआईआर (स्ट्राइक-आउट, इनएलिजिबल और रिजेक्टेड) से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इसी प्रक्रिया के चलते 31 सीटों पर चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार के लिए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में कहा कि इन 31 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का अंतर एसआईआर में हटाए गए मतदाताओं की संख्या से भी कम है। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर के कारण मतदाताओं का नाम सूची से नहीं हटाया जाता, तब इन सीटों का परिणाम निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था और इससे चुनाव का रुख बदल सकता था। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कई सीटें ऐसी भी हैं, जहां कटे हुए वोटों की संख्या और जीत का अंतर करीब बराबर है। उन्होंने कहा कि एक सीट पर, तब तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार मात्र 862 वोटों से हार गया, जबकि उसी सीट पर एसआईआर प्रक्रिया के तहत 5432 वोट हटा दिए गए थे।

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि राज्य के चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच कुल 32 लाख वोटों का अंतर रहा है, जबकि वोटर सूची से नाम हटाने संबंधी 35 लाख अपीलें फिलहाल विभिन्न न्यायाधिकरणों (ट्राइब्यूनल्स) के समक्ष लंबित हैं, जिन पर अभी फैसला आना बाकी है। ममता के वकील ने इस दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची की एक पुरानी टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि डिलीट हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा रहती है, तब इसतरह के मामलों का न्यायिक परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए। इन दलीलों पर सुनवाई कर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने टीएमसी को सलाह दी है कि वे इस मामले को लेकर अलग से याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि ममता बनर्जी सहित इन 31 सीटों के सभी उम्मीदवार इस दावे के साथ अलग से याचिकाएं दायर कर सकते हैं। अदालत ने ममता बनर्जी का नाम विशेष रूप से इसलिए लिया क्योंकि भवानीपुर सीट भी उन्हीं सीटों में शामिल है, जहां एसआईआर में कटे वोटों से जीत का अंतर कम बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 294 सीटों में से 207 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया था और राज्य में पहली बार सरकार बनाई। इस जीत को भाजपा ने एक ऐतिहासिक सफलता माना था। हालांकि, अब टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी हार के पीछे एसआईआर प्रक्रिया को एक बड़ा कारण बताते हुए कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है।



# मौनी रॉय का शादी के 4 साल बाद हुआ तलाक?

## पति सूरज नांबियार ने किया चीट.

**नागिन** फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय का तलाक हो गया है। उन्होंने सूरज नांबियार से तलाक ले लिया है। शादी के 4 साल बाद दोनों का तलाक हुआ। मौनी अब सूरज के साथ नहीं रहती हैं। दोनों ने सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है।

एक शो 'सास बहू और साजिश' ने सोर्स के हवाले से बताया कि दरअसल, मौनी रॉय को उनके पति ने चीट किया फेम पाने के मकसद से। सूरज ने मौनी के सारे पैसे भी इस्तेमाल कर लिए। अब दोनों ने तलाक ले लिया है और दोनों साथ भी नहीं रहते हैं। मौनी ने सोशल मीडिया से भी सूरज संग फोटोज हटा दी हैं। हालांकि, दोनों ने अपने तलाक को लेकर अभी तक ऑफिशियली रिएक्ट नहीं किया है।

बता दें कि मौनी रॉय औ सूरज ने 2022 में शादी की थी। उनकी ये शादी बहुत चर्चा में रही। उन्होंने सूरज संग गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग की थी। उनकी शादी मलयाली और बंगाली रीति-रिवाज से हुई थी। मालूम हो कि मौनी रॉय की करीबी दोस्त दिशा पाटनी ने भी सूरज नांबियार को अनफॉलो कर दिया है।

**मौनी रॉय की करियर जर्नी**

मौनी रॉय की बात करें को वो टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। अब वो फिल्मों में भी काम कर रही हैं। मौनी ने 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से करियर की शुरुआत की थी। इस शो में वो कृष्णा तुलसी के रोल में थीं। इसके बाद उन्होंने कहो ना यार



है, कस्तूरी, दोनों के देव...महादेव, झलक दिखला जा 7, नागिन, जैसे शोज किए।

मौनी अब फिल्में करती हैं। वो रन, तुम बिन 2, गोल्ड, केजीएफ-चैप्टर 1, रोमियो अकबर वॉल्टर, मेड इन चाइना, वेल्ले, ब्रह्मास्त्र, ब्लैकआउट, वेदा, द भूतनी जैसी फिल्मों में नजर आईं। अब उनके पास 3 फिल्में हैं। वो विश्वम्भरा, है जवानी तो इश्क होना है और द वाइव्स में दिखेंगी।

## मुंबई पुलिस ने सेलिना जेटली के पति के खिलाफ दर्ज की एफआईआर...



सेलिना जेटली इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ में उथल-पुथल को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब खबर है कि मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली के पति पीटर हाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है । क्योंकि एक्ट्रेस ने उनके खिलाफ क्रूरता, फिजिकली चोट पहुंचाना, आपराधिक धमकी और लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाया था और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मुंबई पुलिस ने सेलिना के हसबैंड और ऑस्ट्रिया के रहने वाले पीटर हाग के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2), 351(2) और 352 के तहत FIR दर्ज की है। बता दें कि ये एफआईआर शुक्रवार को वसोर्वा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई। यह मौजूदा चल रही कानूनी कार्यवाही के अलावा हाग के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की शुरूआत है। उनके खिलाफ अब घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत कार्यवाही चल रही है। खबर है कि जांच में उनकी तरफ से लगातार असहयोग को देखते हुए मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया। इससे आरोपों की गंभीरता का भी पता लगता है। यहां ये भी बता दें कि एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने पिछले साल, सेलिना जेटली ने मुंबई के अंधेरी कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने अंतरिम और एकतरफा राहत के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2025 की धारा 23 के तहत मामला दर्ज कराया है।

## दिशा पाटनी की हॉलीवुड फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर जारी... एक्शन अवतार में मस्त तलवारबाजी करती आई नजर



अभिनेत्री दिशा पाटनी बहुत जल्द हॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। उनकी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर शुक्रवार को जारी किया गया। इस फिल्म में केविन स्पेसी, टायरेस गिब्सन और डॉल्फ लुंडग्रेन भी मुख्य भूमिका में हैं।यह प्रोजेक्ट लाडो ओखोटनिकोव द्वारा निर्मित नए सिनेमाई ब्रह्मांड, स्टैटिगाड्र्स बनाम होलिगाड्र्स सागा की पहली कड़ी है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नजर आती हैं, जो दो प्राचीन गुटों - स्टैटिगाड्र्स और होलिगाड्र्स के बीच फंसी हुई है।

कहानी इन दोनों समूहों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें जेसिका को 'The Chosen One' के रूप में दिखाया गया है। फिल्म की मूल कहानी के अनुसार, जेसिका दोनों पक्षों के प्रतिद्वंद्वी नेताओं की बेटी है और युद्ध और स्वयं मानवता के भाग्य का फैसला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। केविन स्पेसी द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय बाद निर्देशन में उनकी वापसी का प्रतीक है। फिल्म निमातांओं का कहना है कि यह एक सुपरनेचुरल एक्शन-थ्रिलर है, जो दो विरोधी प्राचीन शक्तियों के बीच एक गुप्त युद्ध पर आधारित है।



## रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे सलमान खान के जीजा

एकता कपूर ने अपनी सफल फ्रेंचाइजी रागिनी एमएमएस 3 के तीसरे पार्ट की घोषणा की थी। इसमें वो तमन्ना भाटिया को कास्ट करने की योजना बना रही हैं। पहले इस प्रोजेक्ट को निर्देशक साहिर रजा डायरेक्ट करने वाले थे लेकिन निर्देशक की व्यस्तताओं के कारण ऐसा हो नहीं पाया। बाद में खबर आई कि शशांका घोष अब इसे डायरेक्ट करेंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। उनके अलावा रॉकस्टार एक्ट्रेस नरगिस फाखरी भी इसका हिस्सा हैं। अब वैरायटी इंडिया की एक लेटेस्ट रिपोर्ट अनुसार, निमार्ता एकता कपूर ने फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आयुष शर्मा को कास्ट किया है। 'वैरायटी इंडिया' के मुताबिक, तमन्ना भाटिया के बाद अब सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा की इस प्रोजेक्ट के लिए चुना है। इसके साथ ही, इस प्रोजेक्ट की मुख्य कास्ट अब कथित तौर पर पूरी हो चुकी है। खबरों के मुताबिक, तमन्ना आयुष और जुनैद दोनों के साथ रोमांटिक भूमिकाएं निभाएंगी, जबकि नरगिस फाखरी एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाएंगी।

एक हाई-कॉन्सेप्ट सुपरनैचुरल थ्रिलर बताई जा रही इस फिल्म में निमार्ताओं ने सुपरनेचुरल डरावनी घटनाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है। फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है और जुलाई 2026 में इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। रागिनी एमएमएस फ्रैंचाइज की तीसरी किस्त की शूटिंग जनवरी में शुरू होने वाली थी।

# लाखों जिंदगियां दांव पर ! 827 इमारतें 'बेहद खतरनाक' घोषित, 18 हजार से ज्यादा घर अनसेफ

**मुंबई :** मुंबई और आसपास के इलाकों में मानसून आने में अभी कुछ हफ्ते बाकी हैं, लेकिन पुरानी और जर्जर इमारतों को लेकर डर अभी से सताने लगा है. नगर निकायों द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस पूरे इलाके में 827 इमारतें ऐसी हैं जो 'बेहद खतरनाक' घोषित की जा चुकी हैं. इसके अलावा, 18,000 से ज्यादा घर ऐसे हैं जिन्हें सुरक्षित नहीं माना जा रहा है. सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई के अलावा ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, मीरा-भयंदर और उल्हासनगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में दशकों पुरानी ये जर्जर इमारतें किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही हैं. इनमें से कई इमारतों की उम्र 30 से 50 साल के पार हो चुकी है और वे अपने जीवनकाल की सीमा समाप्त कर चुकी हैं.

**घर खाली करने का नोटिस, लेकिन जाएं कहां ?**

स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट बताती है कि इनमें से कई इमारतों के पिलर और बीम अपनी भार सहने की क्षमता खो चुके हैं. नगर निकायों ने इन ढांचों को खाली करने के नोटिस तो थमा दिए हैं,



लेकिन जमीनी स्तर पर विस्थापन एक बड़ी चुनौती है. हजारों परिवार इन जर्जर मकानों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं क्योंकि उनके पास तत्काल कोई वैकल्पिक आवास उपलब्ध नहीं है. ट्रांजिट कैंपों की कमी और आर्थिक तंगी के कारण लोग जान जोखिम में डालकर इन्हीं असुरक्षित छतों के नीचे रहने को मजबूर हैं.

मानसून के दौरान होने वाली मूसलाधार बारिश, दीवारों में सीलन और कमजोर पड़ चुके पिलर किसी भी समय पूरी इमारत को मलबे में तब्दील कर सकते हैं. हालांकि, कई लोग कानूनी विवादों और बिल्डरों की धोखाधड़ी की वजह से भी इन घरों को नहीं छोड़ पा रहे हैं. जानकारों का कहना है कि इस संकट के पीछे केवल इमारतों का पुराना होना ही एकमात्र कारण नहीं है. रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में बिल्डरों और निवासियों के बीच आपसी विवाद, कानूनी पेचीदगियां और सरकारी प्रक्रियाओं में होने वाली देरी ने इस समस्या को अब नासूर बना दिया है. कई बार बिल्डर बीच में काम छोड़कर भाग जाते हैं या निवासियों को समय पर किराया नहीं मिलता, जिससे लोगों का भरोसा डगमगा गया है. नतीजा यह है कि हर साल भारी बारिश के दौरान मुंबई में इमारतों के ढहने की खबरें आती हैं, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ अस्थायी निकासी ही दिखाई देती है और खतरा जस का तस बना रहता है.

# मुंबई पुलिस में अब तक का सबसे बड़ा पुनर्गठन, महाराष्ट्र सरकार ने 5 नए रीजन, 15 जोन और 4 नए पुलिस स्टेशनों को मंजूरी दी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई पुलिस प्रशासन में बड़े स्तर पर बदलाव करते हुए ऐतिहासिक पुनर्गठन योजना को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत मुंबई पुलिस में 5 नए रीजन, 15 नए जोन और 4 नए पुलिस स्टेशनों का गठन किया जाएगा। तेजी से बढ़ती आबादी, नए विकसित हो रहे शहरी इलाकों और अपराध नियंत्रण की चुनौतियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) का लगातार विस्तार हो रहा है। नई हाउसिंग परियोजनाएं, व्यावसायिक केंद्र, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क और बढ़ती जनसंख्या के कारण पुलिस व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा था। मौजूदा पुलिस ढांचे में कई जोन और पुलिस स्टेशन अत्यधिक भार झेल रहे थे, जिससे प्रतिक्रिया समय और प्रशासनिक निगरानी प्रभावित हो रही थी। नई पुनर्गठन योजना के तहत पुलिस प्रशासन को अधिक विकेंद्रीकृत किया जाएगा ताकि हर क्षेत्र में पुलिसिंग को मजबूत और तेज बनाया जा सके। नए रीजन और जोन बनने से वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर फैसले तेजी से लिए जा सकेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई के कई तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों और नए रिहायशी इलाकों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस स्टेशनों की लंबे समय से मांग की जा रही थी। सरकार ने इसी को ध्यान में रखते हुए 4 नए पुलिस स्टेशनों के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, पुलिस सहायता लेने और आपातकालीन सेवाओं तक जल्दी पहुंच मिलने की उम्मीद है।

अधिकारियों का कहना है कि नई संरचना लागू होने के बाद ट्रैफिक प्रबंधन, साइबर क्राइम जांच, महिला सुरक्षा और संगठित अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुंबई जैसे महानगर में बढ़ते साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क को देखते हुए पुलिसिंग मॉडल को आधुनिक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

पुलिस विभाग के भीतर भी इस बदलाव को बड़ा प्रशासनिक सुधार माना जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (DCP), सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) और अन्य अधिकारियों के नए पद भी बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त स्टाफ भर्ती और आधुनिक तकनीकी संसाधनों पर भी जोर दिया जाएगा।

जानकारों का मानना है कि इस पुनर्गठन से अपराध जांच की गति तेज होगी और स्थानीय स्तर पर पुलिस की जवाबदेही भी बढ़ेगी। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, ट्रांसपोर्ट हब और तेजी से. विकसित हो रहे क्षेत्रों में पुलिस उपस्थिति मजबूत होने की संभावना है। मुंबई पुलिस देश की सबसे बड़ी और व्यस्त पुलिस फोर्स में गिनी जाती है।



ऐसे में इस बड़े पुनर्गठन को आने वाले वर्षों की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए स्ट्रक्चर के तहत, कई पुलिस डिवीजन के नाम बदल दिए गए हैं और पुलिस स्टेशनों को नए बनाए गए जोन में फिर से बांटा गया है। बड़ी झुग्गी बस्तियों और मौजूदा पुलिस स्टेशनों के बीच काफी दूरी को देखते हुए, चार नए पुलिस स्टेशन भी बनाए जाएंगे। मुंबई पुलिस अब पांच बड़े इलाकों – साउथ, सेंट्रल, ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ में काम करेगी।

**साउथ रीजन**

**साउथ रीजन के तहत तीन जोन बनाए गए हैं।**

साउथ जोन-1 में कोलाबा, कफ परेड, मरीन ड्राइव, आजाद मैदान, टफ्अ मार्ग, डोंगरी और सर जे.जे. मार्ग पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

साउथ जोन-2 में पायधोनी, एल.टी. मार्ग, वी.पी. रोड, डी.बी. मार्ग, गामदेवी, मालाबार हिल और येलो गेट पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

साउथ जोन-3 में मुंबई कोस्टल-1, मुंबई कोस्टल-2, वडाला और सेवरी पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

**सेंट्रल रीजन**

**सेंट्रल रीजन को भी तीन जोन में बांटा गया है।**

सेंट्रल जोन-1 में ताड़देव, नागपाड़ा, अग्रीपाड़ा, बायकुला, वर्ली और एन.एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

सेंट्रल जोन-2 में भोईवाड़ा, कालाचौकी, माटुंगा, आर.ए.के. मार्ग, सायन, एंटॉप हिल और वडाला टी.टी. पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

सेंट्रल जोन-3 में दादर, शिवाजी पार्क, माहिम, शाहूनगर, धारावी और कुर्ला पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

**ईस्टर्न रीजन**

**ईस्ट रीजन में भी बड़े बदलाव किए गए हैं।**

ईस्ट जोन-1 में गोवंडी, ट्रॉम्बे, RCF, मानखुर्द, देवनार और शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

नए बने ईस्ट जोन-2 में नेहरू नगर, चूनाभट्टी, वी.बी. नगर, घाटकोपर, असल्फा, पंत नगर, तिलकनगर, विक्रोली और महाराष्ट्र नगर पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

ईस्ट जोन-3 में पार्कसाइट, भांडुप, कांजुरमार्ग, मुलुंड और नवघर पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

**वेस्ट रीजन**

वेस्ट रीजन के तहत, वेस्ट जोन-1 में इड्ज, खेरवाड़ी, निर्मल नगर, गोलीबार, वकोला, विले पार्ले, एयरपोर्ट और सहार पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

वेस्ट जोन-2, जिसे सबसे बड़ा जोन माना जाता है, में बांद्रा, खार, सांताक्रूज, जुहू, डी.एन. नगर, अंधेरी, साकीनाका, पवई, वसोर्वा, ओशिवारा, गोरेगांव, मलाड, कांदिवली, बोरीवली और दहिसर पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

वेस्ट जोन-3 को भी नए एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर के तहत रीऑगेनाइज किया गया है।

**नॉर्थ रीजन**

एक नया नॉर्थ जोन-1 बनाया गया है, जबकि मौजूदा जोन-11 और जोन-12 को एक के बाद एक नॉर्थ जोन-2 और नॉर्थ जोन-3 के तौर पर रीडेज़िग्नेट किया गया है।

मुंबई पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नए स्ट्रक्चर से लॉ एंड ऑर्डर मैनेजमेंट मजबूत होगा, पुलिसिंग की एफिशिएंसी बेहतर होगी और पब्लिक सर्विस की डिलीवरी तेजी से होगी।

**नया स्ट्रक्चर इस तरह है:**

**नॉर्थ रीजन**

DCP नॉर्थ जोन-1
DCP नॉर्थ जोन-2
DCP नॉर्थ जोन-3

**वेस्ट रीजन**

DCP वेस्ट जोन-1
DCP वेस्ट जोन-2
DCP वेस्ट जोन-3

**ईस्टर्न रीजन**

DCP ईस्ट जोन-1
DCP ईस्ट जोन-2
DCP ईस्ट जोन-3

**सेंट्रल रीजन**

DCP सेंट्रल जोन-1
DCP सेंट्रल जोन-2
DCP सेंट्रल जोन-3

**साउथ रीजन**

DCP साउथ जोन-1
DCP साउथ जोन-2
DCP साउथ जोन-3

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर 4 ए, फ्लोर-जीआरडी, 29 डी, शबन हाउस, वंजावाडी लेन, माहिम वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400016 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhani.com